पंजाब केसरी
SUN,20 NOVEMBER 2022
EDITION: PANIPAT KESARI, PAGE NO. 2

नालम काउंसलर, विद्यालय के बाल जीवन बिताने की शपथ भी दिलवाई। और प्रकृति भी नाराज हो ज

एन.एस.एस. शिविर लगा कर चलाया सफाई अभियान

बापौली, 19 नवम्बर (पंकेस) : स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना और स्वच्छता कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में एन.एस.एस शिविर लगाया गया। इस दौरान पूरे महाविद्यालय में साफ-सफाई की गई। सभी पार्कों में प्लास्टिक एकत्रित किया गया। इस अवसर पर स्वच्छता कमेटी प्रभारी रितु मान और एन.एस.एस. प्रभारी रामपाल ने सभी स्वच्छता गतिविधियों का निरीक्षण किया। सभी स्टाफ सदस्यों को क्षेत्र अनुसार विभाजन कर वालंटियरों की टीम बनाई गई। सभी ने अपने-अपने क्षेत्र में स्वयंसेवकों और स्वयंसेविकाओं से निर्धारित कार्य करवाया।

राजकीय महाविधालय बापौली में शिविर के दौरान सफाई करती छात्राएं।(पंकेस)

सभी स्टाफ सदस्यों ने पूरे शिविर के दौरान अपनी पूर्ण सहभागिता की। शिविर के दौरान के प्राचार्य कार्यालय, लिपिक कार्यालय, लाइब्रेरी, बहुउद्देशीय कक्ष, जियोग्राफी लैब, साइकोलॉजी लैब, कैमिस्ट्री लैब, स्टाफ रूम, सभी कक्षा कक्षों और प्रांगण की साफ सफाई की गई।

इस अवसर पर खुशनन्दन, अभिषेक मोगा, मंगलसेन, डा. दिनेश कुमार, संगीता, अमनजीत, रितु और गैर-शैक्षणिक वर्ग में बृजपाल, पवन, रणबीर, मीना, सुशीला आदि ने अपनी भूमिका अनुसार कार्य पूर्ण सहभागिता से किया। अंत में प्राचार्य जोगिंद्र ने कहा कि शिविर सफल रहा।

Scanned with CamScanner